B.A (Hindi (Hons) 6th Semester

Core. C.14 हिन्दी आलोचना

# MODEL QUESTION

अति लघुउत्तरीय प्रश्न

(1) 'संयोगिता स्वयंवर' की आलोचना 'हिन्दी प्रदीप' में किसने किया।

(2) 'साहित्यालोचन' किसकी कृति है।

(3) 'समालोचक' पत्र किसने निकाला था।

(4) 'कवि कर्त्तव्य' और 'कवि और कविता' किसका निबन्ध है।

(5) 'लोक हृदय में लीन होने की दशा का नाम रस दशा है' यह कथन किसका है।

(6) किस आलोचक ने रस दशा को 'हृदय की मुक्तावस्था' कहा है।

(7) हिन्दी में तुलनात्मक आलोचना का जनक किसे माना गया है।

(8) 'साहित्य जन समूह के हृदय का विकास है' कथन किसका है।

(9) डॉ० नगेन्द्र की प्रथम आलोचनात्मक कृति का नाम है।

(10) हिन्दी के प्रथम मार्क्सवादी आलोचक का नाम लिखिए।

(11) 'आलोचना' पत्रिका के प्रथम संपादक का नाम लिखिए।

(12) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिन्दी का प्रथम आलोचक किसे मानते हैं।

(13) 'हिन्दी नवरत्न' किसकी रचना है।

(14) हिन्दी में 'शोध और अनुसन्धान' की पत्रिका किसे माना गया है।

(15) महावीर प्रसाद द्विवेदी किस पत्रिका के संपादक थे।

(16) 'कविता क्या है' शीर्षक निबन्ध किस आलोचक का है।

(17) 'भारतेन्दु युग और हिन्दी भाषा की विकास परम्परा' किसकी कृति है।

(18) 'महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिन्दी नवजागरण' किसकी कृति है।

(19) 'आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना', किसकी कृति है।
(20) 'इतिहास और आलोचना', किसकी कृति है।
(21) 'छायावाद', किसकी आलोचनात्मक कृति है।
(22) 'कविता के नये प्रतिमान', किसकी कृति है।
(23) 'वाद विवाद संवाद', किस आलोचक की कृति है।
(24) 'हिन्दी साहित्य : बीसवीं शताब्दी', किसकी कृति है।
(25) 'नयी कविता और अस्तित्ववाद', किसकी कृति है।
(26) जायसी ग्रन्थावली का सम्पादन किसने किया है।
(27) भारतेन्दु की आलोचनात्मक कृति है।
(28) 'सच्ची समालोचना', किसकी कृति है।
(29) 'रस मीमांसा', किसकी कृति है
(30) नामवर सिंह किस पत्रिका के संपादक थे।
(31) नामवर सिंह किस आलोचक के शिष्य थे।
(32) नंददुलारे बाजपेयी किसके शिष्य थे।
(33) मानवतावादी समीक्षक किसे माना जाता है।
(34) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल किस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध थे।
(35) 'हिन्दी साहित्य का आदिकाल', किसकी कृति है।

२. लघुउत्तरीय प्रश्न

(1) भारतेन्दु युगीन दो आलोचकों का नाम लिखिए।
(2) द्विवेदी युगीन दो आलोचकों का नाम लिखिए।
(3) छायावाद के दो प्रमुख आलोचको का नाम लिखिए।
(4) मार्क्सवादी दो आलोचको का नाम लिखिए।
(5) 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' किस आलोचक की कृति है अब लिखी गयी थी।
(6) आचार्य शुक्ल के दो समकालीन आलोचकों के नाम लिखिए।
(7) 'हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकास' किसकी कृति है और उसका प्रकाशन वर्ष लिखिए।
(8) 'सूर साहित्य' किसकी प्रथम आलोचनात्मक कृति है और कब प्रकाशित हुई थी।
(9) हिन्दी के दो प्रमुख स्वच्छंदतावादी समीक्षकों का नाम लिखिए।
(10) ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आलोचना के दो समीक्षकों का नाम लिखिए।
(11) 'कबीर' किसकी आलोचनात्मक कृति है और कब प्रकाशित हुई थी।
(12) 'गोस्वामी तुलसीदास' किसकी आलोचनात्मक कृति है और कब प्रकाशित हुई थी।
(13) 'हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योग' के लेखक का नाम लिखिए।
(14) 'दूसरी परम्परा की खोज' पुस्तक किसकी है और किस पर केन्द्रित है।
(15) 'निराला की साहित्य साधना' पुस्तक किसकी है और इसके कितने खण्ड हैं।

(16) भारतेन्दु पर रामविलास शर्मा की दो प्रमुख पुस्तकों का नाम लिखिए।

(17) नंददुलारे वाजपेयी प्रसाद और निराला पर दो आलोचनात्मक कृतियों का नाम लिखिए।

(18) 'समन्वयवाद' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(19) 'सौष्ठववाद' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(20) "स्वच्छन्दतावाद" का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(21) 'तुलनात्मक आलोचना' के दो आलोचकों का नाम लिखिए।

(22) मिश्र बन्धुओं का नाम लिखिए।

(23) 'शांतिनिकेतन से शिवालिक' के सम्पादक कौन हैं और यह किस आलोचक पर केन्द्रित है।

(24) 'नयी कविता' और 'नयी कहानी' पर नामवर सिंह की पुस्तकों का नाम लिखिए।

(25) महावीर प्रसाद द्विवेदी की दो आलोचनात्मक पुस्तकों का नाम लिखिए।

(26) 'देव और बिहारी' और 'बिहारी और देव' किसकी आलोचनात्मक पुस्तक है।

(27) श्याम सुन्दर दास की दो प्रमुख आलोचनात्मक पुस्तकों का नाम लिखिए।

(28) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की 'सैद्धान्तिक' और 'व्यवहारिक आलोचना' की पुस्तकों का नाम लिखिए।

(29) हिन्दी आलोचना पर केन्द्रित दो पुस्तकों का नाम लिखिए।

(30) हिन्दी के दो समकालीन आलोचकों के नाम लिखिए।

## संक्षिप्त प्रश्न

(1) भारतेन्दु युगीन हिन्दी समीक्षा के स्वरूप पर विचार कीजिए।

(2) शुक्लोत्तर युगीन आलोचना-दृष्टि का विवेचन कीजिए।

(3) हिन्दी में मार्क्सवादी समीक्षा के विकास पर प्रकाश डालिए।

(4) आचार्य शुक्ल की आलोचना की भाषागत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(5) द्विवेदी युगीन आलोचना की विशेषताएँ लिखिए।

(6) आलोचना का अर्थ, परिभाषा एवं विशेषताएँ लिखिए।

(7) नामवर सिंह की मार्क्सवादी ऐतिहासिक दृष्टि पर प्रकाश डालिए।

(8) आचार्य शुक्ल की आलोचना की सामान्य विशेषताएँ लिखिए।

(9) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की आलोचना पद्धति का मूल्यांकन कीजिए।

(10) डॉ० रामविलास शर्मा की आलोचना दृष्टि पर विचार कीजिए।

(11) नंददुलारे वाजपेयी की ख्याति छायावाद के प्रमुख व्याख्याकार की रही है इसे प्रमाणित कीजिए।

(12) आचार्य शुक्ल के मध्यकालीन काव्य में लोकमंगल की प्रतिष्ठा वाला आलोचना सिद्धांत पर प्रकाश डालिए।

(13) भारतीय साहित्य की परम्परा और इतिहास लेखन के संदर्भ में रामविलास शर्मा के अवदान का मूल्यांकन करें।

(14) आचार्य शुक्ल की भाषा उनके विचारों की अनुगामिनी है इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(15) 'आलोचना भी रचना है' इस आधार पर नामवर सिंह के ललित गद्य पर विचार कीजिए।

~~अति लघुत्तरीय प्रश्न~~

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(1) समकालीन आलोचना के संदर्भ में डॉ० नामवर सिंह की उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए।

(2) हिन्दी आलोचना के विकास में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अवदान पर विचार कीजिए।

(3) राम विलास शर्मा का आलोचना कर्म हिन्दी में प्रगतिवादी विचारधारा के मुख्य प्रवक्ता के रूप में आरम्भ होता है इस कथन का विवेचन कीजिए।

(4) मानवतावादी समीक्षक के रूप में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का मूल्यांकन कीजिए।

(5) 'डॉ० रामविलास शर्मा को आलोचकों में रामचन्द्र शुक्ल उपन्यासकारों में प्रेमचंद और कवियों में निराला सबसे प्रिय है' इस कथन की विवेचना कीजिए।

(6) आधुनिक काल के विकास की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक व्याख्या में नंददुलारे वाजपेयी का महत्वपूर्ण योगदान है इसकी तर्कपूर्ण समीक्षा कीजिए।

(7) नयी कविता और नयी कहानी के प्रमुख प्रवक्ता के रूप में डॉ० नामवर सिंह की आलोचना पर विचार कीजिए।

(8) आचार्य नंद दुलारे वाजपेयी को समन्वयवादी, स्वच्छंदतावादी एवं सौष्ठववादी आलोचक माना जाता है इस पर तर्क-पूर्ण समीक्षा कीजिए।

(9) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के सैद्धान्तिक और व्यवहारिक आलोचना सिद्धान्तों पर विचार कीजिए।

(10) आधुनिक आलोचना में 'तुलनात्मक आलोचना' के अवदान पर एक निबन्ध लिखिए।